Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I.No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करे, प्लेटफार्म पर नहीं

सभी पाठकों को नववर्ष 2021 की हार्दिक शुभकामनायें


वर्ष ३० अंक- ०१ प्रयागराज रेल समाचार ब्यूरो ०१-१५ जनवरी २०२१ पृष्ठ ०८ मूल्यः १० रु.मात्र (रंगीन सहित मूल्यः १५ रु.मात्र)

## इन्फ्रास्ट्रक्चर किसी भी राष्ट्र की ताकत का सबसे बड़ा स्रोत- प्रधानमंत्री



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। न्यू भाउपुर-न्यू खुर्जा खंड तथा पूर्वी समर्पित मालढुलाई गरियारे के संचालन नियंत्रण केन्द्र का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिनांक २६.१२.२०२० को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री, पीयूष गोयल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आधुनिक रेल अवसंरचना परियोजना को धरातल पर लागू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब खुर्जा भाउपुर मालढुलाई गलियारे में पहली मालगाड़ी चलती है तो हम आत्मनिर्भर भारत की दहाड़ सुन सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज स्थित संचालन नियंत्रण केन्द्र आधुनिक नियंत्रण केंद्रों में से एक है, जो नए भारत की नई ताकत का प्रतीक है। ये दुनिया के बेहतरीन और आधुनिक कंट्रोल सेंटर में से एक है। इसमें मैजेनमेंट और डेटा से जुड़ी जो तकनीक है वो भारत में ही तैयार हुई है। उन्होने कहा कि उद्योग, व्यवसायी, किसान या उपभोक्ता, हर कोई इस समर्पित मालढुलाई गलियारे से लाभान्वित होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि रेलवे में हर स्तर पर सुधार किए गए हैं, जैसे-स्वच्छता, बेहतर भोजन, पेय एवं अन्य सुविधाएं। इसी प्रकार रेलवे से संबंधित विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पाना एक बड़ी उपलब्धि है।

## रेलवे को छोटे व्यापारियों और कारोबारियों के लिए महत्वपूर्ण पार्सल व्यवसाय की वृद्धि पर ध्यान देने की जरूरत: पीयूष गोयल



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। रेल मंत्री पीयूष गोयल ने रेलवे के पार्सल व्यवसाय की समीक्षा की। जिसमें बोर्ड के सदस्यों के अलावा रेलवे बोर्ड और सेंटर फॉर रेलवे इन्फॉर्मेशन सिस्टम्स (सीआरआईएस) के अधिकारी भी उपस्थित थे। पिछले कुछ महीनों के दौरान भारतीय रेलवे ने अपने पार्सल सेवाओं की ओर अधिक व्यापार आकर्षित करने के लिए कई पहल की हैं। इन पहलों के अतिरिक्त, भारतीय रेलवे विभिन्न पक्षों के लिए आसानी से पार्सल खेपों को संभालने के लिए डेडिकेटेड पार्सल टर्मिनल्स को विकसित करने की योजना बना रहा है और संगोला (मध्य रेलवे), कचेगुडा (दक्षिण मध्य रेलवे), कोयम्बटूर (दक्षिणी रेलवे) और कांकरिया (पश्चिमी रेलवे) की पहचान पहले ही पायलट परियोजना के लिए किया जा चुका है। पीयूष गोयल ने किसान ट्रेनों को चलाने के लिए रेलवे के विशेष प्रयासों की सराहना की और कहा कि पार्सल व्यवसाय का विकास बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इन सेवाओं का उपयोग छोटे व्यापारियों और कारोबारियों द्वारा किया जाता है। इसके अलावा पार्सल सेवाओं को ग्राहकों के लिए अधिक सहज बनाने से इन वर्गों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि रेलवे पार्सल व्यवसाय में तीव्र वृद्धि के लिए लक्ष्य निर्धारित करेगा और इस वांछित वृद्धि को प्राप्त करने के लिए अधिक प्रयासों और नवाचार विचारों की जरूरत है। मंत्री ने कहा कि पार्सल स्पेशल ट्रेनों को तय समय पर जरूर चलाया जाना चाहिए, जिससे इन सेवाओं के उपयोग को लेकर ग्राहकों के भीतर विश्वास पैदा हो सके।

## Suneet Sharma takes over the charge of new Chairman & CEO of Railway Board




PIB/New Delhi: Suneet Sharma, has taken over the charge of new Chairman & Chief Executive Officer (CEO), Railway Board (Ministry of Railways) and ex-officio Principal Secretary to Government of India. The appointments committee of the Cabinet has approved the appointment of Suneet Sharma as Chairman & CEO of Railway Board. Prior to this, Suneet Sharma worked as General Manager, Eastern Railway. Suneet Sharma joined the Indian Railways in 1979 as a Special Class Apprentice while he was studying engineering at IIT Kanpur. A graduate in Mechanical and Electrical Engineering he has more than 40 years of experience serving in the Indian Railways in various capacities. As ADRM, Mumbai CST, he is credited with increasing the services of the suburban network, which is considered the life-line of Mumbai.

## अब स्थानीय स्तर पर होंगे प्रतियोगी परीक्षाओं के केंद्र-सीएम योगी



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी राहत दी है। प्रतियोगी परीक्षाओं के केंद्र अब उन्होंने स्थानीय स्तर पर ही बनाने के निर्देश दिए हैं। इसका फायदा उन लाखों अभ्यर्थियों को मिलेगा जिन्हें दूसरे शहरों में दौड़भाग करनी पड़ती थी वहीं इस निर्णय से उनका समय व धन बचेगा। दिनांक २२.१२.२०२० मंगलवार को लोकभवन में एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने ये निर्देश दिए। बतादें कि अभी प्रदेश के बड़े शहरों में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र बनाए जाते हैं जिससे अभ्यर्थियों को परीक्षा से एक-दो दिन पहले ही यात्रा शुरू करनी पड़ती है। वहीं महिला अभ्यर्थियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

## कोरोना वायरस से ठीक होने की दर भारत में पहुंची ९६ प्रतिशत के पार



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। कोविड-१९ के खिलाफ जंग में भारत ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। कोरोना संक्रमित मरीजों के ठीक होने की दर भारत में ९६ प्रतिशत को पार कर गई, जो किसी भी देश द्वारा प्राप्त सबसे अधिक स्वस्थ होने की दर में से एक है। दिनांक ३१.१२.२०२० को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार ठीक हुए कुल मरीजों की संख्या ९८.६ लाख को पार कर गई है, जो विश्व में सर्वाधिक है। वहीं ठीक हो रहे मरीजों के मामलों में अंतर बढ़ता जा रहा है और यह ९६,०२,६२४ हो गया है। देश में संक्रमितों के कुल मामले २,५७,६५६ हैं, जो कुल मामलों का सिर्फ २.५१ प्रतिशत हैं।

# देश की पहली चालक रहित मेट्रो ट्रेन को पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## २०२५ तक २५ से ज्यादा शहरों तक होगा मेट्रो ट्रेन का विस्तार-पीएम



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन पर भारत की पहली बिना ड्राइवर के चलने वाली मेट्रो ट्रेन के परिचालन का उद्घाटन किया। नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड की दिल्ली मेट्रो की एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन में शुरुआत की गई। यह कार्ड पिछले साल अहमदाबाद में शुरू किया गया था। दिनांक २८.०६.२०२० को इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि बिना ड्राइवर वाली मेट्रो रेल की उपलब्धि से हमारा देश दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शामिल हो गया है, जहाँ इस प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि २०१४ में केवल ५ शहरों में मेट्रो रेल थी, लेकिन यह आज १८ शहरों में उपलब्ध है। वर्ष २०२५ तक हम इसका २५ से अधिक शहरों में विस्तार करने जा रहे हैं। २०१४ में देश में केवल २४८ किमी मेट्रो लाइने परिचालित थीं, लेकिन आज ७०० किलोमीटर से अधिक मेट्रो लाइनें परिचालित हैं, इस प्रकार इसमें तीन गुना बढ़ोतरी हुई है। वर्ष २०२५ तक, हम इसका १७०० किमी तक विस्तार करने का प्रयास कर रहे हैं।

# किसान रेल से अर्थव्यवस्था में आएगा बड़ा बदलाव-पीएम मोदी

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। देश की १००वीं किसान रेल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार दिनांक २८.१२.२०२० को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसके साथ ही किसान रेल महाराष्ट्र के सांगोला से चलकर पश्चिम बंगाल के शालीमार के लिए रवाना हुई। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा कि किसान रेल सेवा देश के किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में बहुत बड़ा कदम है। इससे खेती से जुड़ी अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा और साथ ही साथ देश की कोल्ड सप्लाई चेन की ताकत भी बढ़ेगी।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू हुई मणिपुर की विकास यात्रा का आज महत्वपूर्ण पड़ाव-अमित शाह




पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मणिपुर में अनेक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होने इंफाल में वर्चुअल माध्यम से ई ऑफिस और थुबल बहुद्देशीय परियोजना का उद्घाटन भी किया। साथ ही उन्होंने चूड़ाचांदपुर मेडिकल कॉलेज, मंत्रीपुखरी में आईटी-एसईजेड, नई दिल्ली के द्वारका में मणिपुर भवन और इंफाल में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर समेत सात प्रमुख विकास परियोजनाओं की वर्चुअल तरीके से आधारशिला रखी। दिनांक २७.१२.२०२० को इस अवसर पर उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह,मणिपुर के मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह और अन्य लोग भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में शुरू हुई मणिपुर की विकास यात्रा का आज महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो पूरे नॉर्थ ईस्ट के लिए एक दिशा-दर्शक बनने का काम करेंगी।

# पटरी कारोबारियों के पुनर्वास के लिए वेंडिंग जोन बनाने के सीएम ने दिये निर्देश



रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। करीब २५०० पटरी कारोबारियों को नए साल में खिचड़ी मेले तक शहर के वेंडिंग जोन का तोहफा मिल सकता है। वहीं गोरखपुर प्रशासन की तरफ से कुछ जगहों पर काम भी पूरा हो गया है। खिचड़ी मेले तक बाकी का पूरा होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वेंडिंग जोन का तोहफा उम्मीद है कि पटरी कारोबारियों को सौंपेंगे। बतादें कि कोराना काल में पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा हटाए गए पटरी कारोबारियों ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ से मुलाकात कर अपना दर्द बताया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने डीएम और रेलवे के अफसरों को बुलाया। वहीं उन्होंने रेलवे के अधिकारियों से भी कहा कि वे कोई योजना बनाएं ताकि पटरी कारोबारियों को रोजी-रोटी के लिए जगह मिल सके। इसके बाद आजाद चौक, ट्रांसपोर्टनगर चौकी, बस स्टैंड के पास वेंडिंग जोन बना लिया गया है।

# इफको फूलपुर प्लांट में अमोनिया रिसाव से दो अधिकारियों की मौत

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोअपरेटिव लिमिटेड (इफको) प्रयागराज के फूलपुर स्थित संयंत्र में मंगलवार दिनांक २२.१२.२०२० को देर रात बड़ा हादसा हुआ। प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव होने से दो अफसरों समेत १४ लोग इसकी चपेट में आ गए। आनन फानन में सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां इफको के असिस्टेंट मैनेजर डिप्टी मैनेजर की मौत हो गई वहीं १२ अन्य का इलाज चल रहा है। सूत्रों के अनुसार रात १० बजे से रात्रि-कालीन शिफ्ट में तैनात कर्मचारी अलग-अलग इकाइयों में काम पर लगे हुए थे तभी रात करीब ११.३० बजे यूरिया इकाई प्लांट में अमोनिया पंप की राड अचानक टूट गया जिससे अमोनिया गैस का भारी रिसाव हो गया। सूचना पर कंपनी के अफसरों के साथ पुलिस भी आ गई।

# कोरोनाः जांच को गए स्वास्थ्यकर्मियों की टीम से अभद्रता

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोरोना जांच को गए स्वास्थ्यकर्मियों से अभद्रता की गई। मामला करेली का है। बताया गया कि विरोध करते हुए एक शख्स ने मारपीट शुरू कर दी। मौके पर पुलिस पहुंची पर बुजुर्गों ने मामला शांत करा दिया था। वहीं पुलिस का कहना है कि कोई शिकायत नहीं मिली है। करेली के गंगागंज मोहल्ले में कोरोना जांच के लिए स्वास्थ्यकर्मियों की एक टीम ने कैंप लगाया था। दिनांक २३.१२.२०२० की दोपहर १२ बजे जांच चल ही रही थी कि इसी दौरान एक शख्स ने स्वास्थ्यकर्मियों से विवाद कर लिया। बताया जा रहा है कि विवाद करने वाला शख्स जांच कराने से इंकार कर रहा था। उसका कहना था कि वह पहले ही जांच करा चुका है।

# चार ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिए जनवरी से ट्रेन चलाएगा आईआरसीटीसी




रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। ट्रेन से भारत दर्शन करने का मौका आईआरसीटीसी की तरफ से जनवरी-२०२१ में मिलेगा। यह यात्रा १० और २८ जनवरी को शुरू होगी। इसमें चार ज्योतिर्लिंग (महाकालेश्वर, ओंकारेश्वर, नागेश्वर, सोमनाथ) के अलावा गुजरात के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, साबरमती आश्रम और द्वारका धीश के दर्शन कराए जाएंगे। भारत दर्शन यात्रा के लिए प्रति व्यक्ति किराया ८५०५ रुपये होगा। वहीं दूसरी भारत दर्शन यात्रा २८ जनवरी से शुरू होकर छह फरवरी तक चलेगी। जिसमें दक्षिण भारत के स्थल जैसे कांचीपुरम, रामेश्वरम, मदुरई, कन्याकुमारी का भ्रमण कराया जाएगा जिसका प्रति व्यक्ति किराया ६४५० रुपये है। टिकट ऑनलाइन भी बुक हो सकती है। पैकेज में स्लीपर क्लास में यात्रा के अलावा शाकाहारी भोजन बोतल बंद पानी, ठहरने का इंतजाम, टूर गाइड, सुरक्षा किट, गैर वातानुकूलित बस यात्रा, ट्रेन में सिक्योरिटी गार्ड भी होंगे। के यात्रियों को बैठने की व्यवस्था कानपुर, लखनऊ, बनारस, झांसी स्टेशनों पर होगी।

# नए सत्र में भी नहीं बढ़ेगी सेंट मैरी कान्वेंट की फीस


रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। कोविड-१६ संक्रमण को देखते हुए नए शैक्षिक सत्र में भी सेंट मैरी कान्वेंट में किसी प्रकार की फीस बढ़ोतरी नहीं होगी। सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप नए शैक्षिक सत्र में किसी प्रकार के शुल्क में वृद्धि नहीं करने का निर्णय लिया है। पत्रकार वार्ता के दौरान एसएमसी की प्रधानाचार्या सिस्टर ज्योति ने यह बताया।

## समय और विकसित टेक्नोलॉजी के साथ बदल रही युद्ध की प्रकृति-राजनाथ सिंह



पत्र.सू.का/ नई दिल्ली। चौथे सैन्य साहित्य समारोह को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दिनांक १८.१२.२०२० को नई दिल्ली में वर्चुअल लिंक के माध्यम से कहा कि इस तरह के नवाचारी आयोजन सामान्य लोगों और विशेषकर युवाओं को हमारे सशस्त्र बलों द्वारा लड़ी गई लड़ाइयों की जानकारी हासिल करने तथा सैनिकों के अनुभव से प्रेरित होने का अवसर प्रदान करते हैं। सैन्य इतिहास के महत्व पर बल देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के शीघ्र बाद उन्होंने देश की सीमा के इतिहास पर लेखन कार्य की प्रगति के लिए एक समिति गठित की। सीमा इतिहास लेखन का उद्देश्य आने वाली पीढियों को पढ़ने योग्य और सामान्य लोगों की समझ के लिए सुबोध भाषा में सीमाओं पर लड़ी गई लड़ाइयों पर फोकस करते हुए सीमा इतिहास तथा सैनिकों के बलिदान का इतिहास प्रस्तुत करना है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे सैनिकों से बातचीत करने का कोई भी अवसर हाथ से न जाने दें और उनके अनुभवों की जानकारी हासिल करें। समारोह को पंजाब के राज्यपाल विजेंद्र पाल सिंह बदनौर तथा पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्द्र सिंह ने भी संबोधित किया।

## मकर संक्रांति से चलेगा राममंदिर निर्माण के लिए जन अभियान



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। १४ जनवरी से यानी मकर संक्रांति से जन सहभागिता अभियान शुरू किए जाने का ऐलान श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने किया है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही देश भर में सम्पर्क अभियान चलाकर लोगों को श्रीराम जन्मभूमि के बारे में बताया जाएगा। वह दिनांकः १८.१२.२०२० को लखनऊ में एक प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ऐतिहासिक सच्चाई को बताने के लिए देश के कोने-कोने में जाकर घर-घर संपर्क किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या में राममंदिर निर्माण की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके साथ ही करोड़ों घरों में भगवान के मंदिर का चित्र भी पहुंचेगा। लोगों को श्रीराम जन्मभूमि के बारे में साहित्य भी दिया जाएगा। चंपत राय ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए शुरू हो रहे अभियान से आमजन भी अपने स्वेच्छा से जुड़ सकेंगे और समाज के सहयोग से अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण साकार होगा। उन्होंने कहा कि सहभागिता अभियान के तहत घर-घर जा के लोगों से सहयोग मांगने से हर एक व्यक्ति को प्रभु श्री राम के काम से जुडने का सौभाग्य प्राप्त हो सकेगा।

## नो प्रॉफिट-नो लॉस पर मिलेगा वकीलों, पत्रकारों और शिक्षकों को आवास-सीएम योगी



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज में आयोजित अधिवक्ता समागम का उद्घाटन करने प्रयागराज आए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफियाओं के कब्जे से मुक्त हुई जमीन पर आवास बनाकर वकीलों, पत्रकारों और शिक्षकों को नो प्रॉफिट-नो लॉस पर दिया जाएगा। उन्होने कहा कि यूपी में ३० लाख गरीबों को आवास दिलवाया है और पांच लाख आवास देने की तैयारी है। मुख्यमंत्री बुधवार दिनांक १६.१२.२०२० सभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि मैंने प्राधिकरणों से कहा है कि माफियाओं से खाली कराई गई जमीन पर भवन बनाकर अधिवक्ताओं, पत्रकारों, शिक्षकों को नो प्रॉफिट लो लॉस पर दिया जाए, फिर वह जमीन कभी कब्जा नहीं होगी। उन्होने कहा कि प्रतियोगी छात्रों को कोरोना काल में घर तक कुंभ में खरीदी गई बसों से पहुंचाया जाय।

## माललदान के क्षेत्र में झाँसी मण्डल की लोडिंग में हुआ सुधार

रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। झाँसी मण्डल द्वारा माललदान को बेहतर करने के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किया जा है। कोविड-१९ स्थिति के बावजूद संदीप माथुर मंडल रेल प्रबंधक के दिशा निर्देशन में माललदान बढ़ाने के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयासों के फलस्वरूप झाँसी मण्डल ने नवम्बर २०२० में औसतन प्रतिदिन ४०८ वैगनों पर लदान किया गया। इस वर्ष मंडल द्वारा प्रतिदिन ६० अधिक वैगनों पर लदान किया गया, जो कि अभूतपूर्व है। इसी प्रकार माह नवम्बर-२० में प्रतिदिन ६१० टन का माल लदान प्रतिदिन औसतन किया गया, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में लदान किये गए ५१० टन से १०० टन प्रतिदिन अधिक लदान हुआ।

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में एचआरएमएस हेल्प डेस्क की हुई शुरुआत



रे.स.ब्यू./सूत्र.बिलासपुर। भारतीय रेल ने हाल ही में पूरी तरह डिजिटल ऑनलाइन मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली (एचआरएमएस) लॉन्च की है। मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली उत्पादकता और कर्मचारी संतुष्टि में सुधार का लाभ लेने के लिए भारतीय रेल की उच्च प्राथमिकता वाली परियोजना है।

यह रेल प्रणाली की सक्षमता और सुधार तथा भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज और ज्ञान अर्थव्यवस्था में बदलने के प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इसी कड़ी में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय में दिनांक १७.१२.२०२० को प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुखबीर सिंह के द्वारा मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, मुख्य कार्मिक अधिकारी (आईआर) तथा कार्मिक विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## कोविड का डर से ४८ फीसदी ने छोड़ी रेलवे भर्ती परीक्षा

रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। रेलवे में अलग-अलग पदों के लिए शुरू भर्ती परीक्षा में भी कोविड संक्रमण और ठंड का असर दिखा करीब ४८ प्रतिशत अभ्यर्थियों ने मंगलवार दिनांकः १५.१२.२०२० को परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा में शामिल होने से पहले अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में घोषणा पत्र भी लिया गया कि वह कोरोना संक्रमित तो नहीं है, वहीं अभ्यर्थियों के लिए मास्क लगाना भी अनिवार्य था। १२४ पदों के लिए रेलवे भर्ती बोर्ड इलाहाबाद की ओर से आयोजित परीक्षा के लिए प्रदेश में ३६ केंद्र बनाए गए थे।

इनमें १२ केंद्र प्रयागराज में थे। वहीं उत्तराखंड में दो तथा इंदौर में भी एक केंद्र पर परीक्षा हुई। पहली पारी की परीक्षा में १६०६ अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से ६७४ अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं दूसरी पारी की परीक्षा में ५५१४ अभ्यर्थी पंजीकृत थे, २६७२ ने परीक्षा दी।

## उत्तर मध्य रेलवे भी कर रहा है वन नेशन वन राशन कार्ड के लिए जागरूक

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेलवे देश भर में प्रवासी आबादी के परिवहन का सबसे लोकप्रिय और आम तरीका है, ओएनओआरसी प्रणाली पर व्यापक जागरूकता पैदा करने के लिए स्टेशनों पर सार्वजनिक घोषणा प्रणाली का उपयोग करके ऑडियो स्पॉट/जिंगल खेलने का निर्णय लिया गया है। उपभोक्ता मामले मंत्रालय और सार्वजनिक वितरण विभाग राष्ट्रीय महत्वाकांक्षी "वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC)" के माध्यम से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, २०१३ (NFSA) के तहत राशन कार्डों की राष्ट्रव्यापी पोर्टेबिलिटी को लागू करता है, जो प्रधानमंत्री का भी एक हिस्सा है। जिसमें उत्तर मध्य रेलवे की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। कोविद -१९ महामारी के दौरान रेलवे द्वारा संचालित लगभग ४५०० श्रमिक विशेष रेलगाड़ियों में से ५३% का संचालन करके प्रवासी आबादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में प्रधानमंत्री की आवाज वाले लगभग ४० सेकंड के ऑडियो स्पॉट्स को पूरा करने के लिए "वन नेशन" में बड़े पैमाने पर जागरूकता पैदा करने के लिए पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम ऑस्ट्रेशन पर खेलने के लिए प्रयागराज, झाँसी और आगरा मंडल के साथ साझा किया गया है। ONORC प्रणाली के बारे में अधिक जानकारी राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर १४४४५ डायल करके भी प्राप्त की जा सकती है।

## ३० जनवरी तक चलेगी वाराणसी-मैसूर स्पेशल ट्रेन

यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने मैसूर-वाराणसी-मैसूर स्पेशल ट्रेन की सेवा ३० जनवरी तक बड़ा दिया है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार के अनुसार २२ दिसंबर से ०६२२९ मैसूर-वाराणसी स्पेशल मैसूर से सुबह ७.२० बजे खुलेगी और ०६२३० वाराणसी-मैसूर स्पेशल ट्रेन वाराणसी कैंट स्टेशन से रात ६.०५ बजे खुलेगी।

## सम्पादकीय

# कृषि कानून और किसान

कृषि संबंधी केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन महत्वपूर्ण कानूनों के विरोध में आंदोलन कर रहे किसानों ने विकट स्थिति पैदा कर दी है। यह बात पहले दिन से ही साफ थी कि इन कानूनों को लेकर किसानों में जबर्दस्त आशंका और विरोध उत्पन्न होगा।

वहीं इस मामले में सरकार के रवैये पर शुरू से सवाल खड़े किए जाते रहे हैं। व्यापक संवाद के जरिए पहले किसानों की आशंकाएं दूर करने की कोशिश की जानी चाहिए थी, पर सरकार ने कोरोना और लॉकडाउन की चुनौतियों के बीच पता नहीं किस हड़बड़ी में सारे विरोध की अनदेखी करते हुए ये कानून बनाकर लागू भी कर दिए। दूसरी बात यह कि सरकार कानून के शब्दों की अपनी व्याख्या के आधार पर ही आशंकाओं को झुठलाने का प्रयास करती रही। क्या इस मामले में शब्द के व्यावहारिक अर्थ के बीच दिख रहे अंतर पर ध्यान देना उसे जरूरी क्यों नहीं लगा। कोरोना से बने हालात का फायदा उठाकर सरकार इन्हें किसानों पर लाद देना चाहती है जिससे इस धारणा को भी बल मिला। राशन-पानी बांधकर मरता-खपता रहने वाला भारत का किसान देश की राजधानी में ही डेरा डालने की मनोदशा में पहुंच जाए, यह कोई मामूली बात नहीं है। इस समझ का ही नतीजा है कि दिल्ली की ओर बढ़ते किसानों पर इस अपील का कोई असर नहीं हुआ कि कोरोना के कारण लागू धारा १४४ के बीच राजधानी पहुंचने की जिद उन्हें नहीं करनी चाहिए।

ऐसे में किसानों को आंसू गैस के गोलों और बदबूदार ठंडे पानी की बौछारों से रोकने की कोशिश बचकानी और बेहद खतरनाक है। अब सरकार को चाहिए कि हर संभव स्तर पर किसान नेताओं से बातचीत शुरू करे।

# कोरोनावायरस के नए स्वरूप से दिल्ली वासियों को नहीं है घबराने की जरूरत- सतेंद्र जैन



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। ब्रिटेन में पाए गए कोरोनावायरस के नए स्वरूप से दिल्ली वासियों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है यह कहना है दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सतेंद्र जैन का। उन्होने कहा है कि दिल्ली सरकार ने इससे बचाव की रणनीति तैयार कर लिया है। उन्होने कहा कि पिछले १० दिनों में ब्रिटेन से दिल्ली आए यात्रियों को ट्रेस कर उनकी जांच की जा रही है। सभी यात्रियों की डोर टू डोर ट्रेसिंग करके जांच की जाएगी। दिनांक २२.१२.२०२० को पत्रकारों से बात करते हुए जैन ने कहा, हमें कोरोना वायरस के इस नए स्वरूप से घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने केंद्र सरकार से ब्रिटेन से आने वालीं उड़ानों पर पांबदी लगाने की मांग की थी जो कि लग गई है वहीं अब आने वाली फ्लाइट विदेश से आएंगी, उसमें आने वाले सभी लोगों की पहले जांच होगी और जो लोग आ चुकें है, उनके घर जाकर मेडिकल टीम उनकी जांच करेगी।

# सीएमडी रेल विकास निगम लिमिटेड ने किया झाँसी में चल रहे विभिन्न कार्यो का निरीक्षण



रे.स.ब्यू./सूत्र.झांसी। रेल विकास निगम लिमिटेड के चेयरमैन सह मैनेजिंग डायरेक्टर(सीएमडी) प्रदीप गौर का दिनांकः २४.१२.२० को झाँसी परिक्षेत्र के दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में भी आए हुए थे। प्रदीप गौर ने मंडल रेल प्रबंधक संदीप माथुर से मुलाकात कर मंडल के अंतर्गत प्रगतिशील विकास कार्यों पर सघन चर्चा हुई। गौड़ द्वारा झाँसी मंडल में रेल विकास निगम लिमिटेड द्वारा किये जा रहे विकास कार्य का जायजा लिया गया। गौर द्वारा धौलपुर-झाँसी रेलमार्ग के मध्य बिछायी जा रही तीसरी लाइन तथा झाँसी-कानपुर रेलमार्ग के मध्य दोहरीकरण से जुड़े हुए विकास कार्यो का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमित सेंगर अपर मंडल रेल प्रबंधक (तकनीकी), अनुराग गुप्ता एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर उत्तर मध्य रेलवे, के के तलरेजा मुख्य प्रोजेक्ट मेनेजर (कानपुर-झाँसी रेलमार्ग) एस के मिश्र मुख्य प्रोजेक्ट मेनेजर (धौलपुर-झाँसी रेलमार्ग) सहित अन्य अधिकारी व पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

# लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित रहा है अटल जी का जीवन- डॉ. द्विवेदी



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में अटल बिहारी वाजपेई सुशासन पीठ के तत्वावधान में बुधवार दिनांक २३.१२.२०२० को अटल जन्मोत्सव समारोह के उद्घाटन अवसर पर लोकतांत्रिक मूल्य एवं भारतीय राजनीति विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी सह-व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ. सतीश चंद्र द्विवेदी, बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार ने अटल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन लोकतांत्रिक मूल्यों पर ही आधारित रहा है। कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने कहा कि भारतीय मूल्यों परंपरा की खोज पाश्चात्य विचारकों में न करके हमें भारतीय दर्शन परंपरा में करना होगा। इस अवसर पर प्रोफेसर पी पी दुबे, प्रोफेसर जी एस शुक्ल, प्रोफेसर सुधांशु त्रिपाठी, एवं अन्य शिक्षक परामर्शदाता उपस्थित रहे एवं १०० से अधिक प्रतिभागी ऑनलाइन से जुड़े रहे।

# नए साल में ५० हजार से ज्यादा होंगी भर्तियां



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। वर्ष २०२१ में ५० हजार से अधिक पदों पर भर्तियों की तैयारियों में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) जुट गया है। करीब खाली पदों पर भर्ती संबंधी प्रस्ताव आयोग के पास ४० हजार के पहुंच गए हैं। कुछ और विभागों से भी संशोधित प्रस्ताव मंगवाए गए हैं। सबसे पहले अधीनस्थ सेवा चयन आयोग नए साल में प्रारंभिक अर्हता परीक्षा कराएगा और इसके बाद भर्तियों के संबंध में विज्ञापन निकाल कर आवेदन लेगा। अप्रैल २०२१ में प्रारंभिक परीक्षा कराने की तैयारी की जा रही है जबकि मुख्य परीक्षा मई तक कराये जाएंगे। बतादें कि आयोग में आए हुए भर्ती प्रस्तावों को पद और योग्यता के आधार पर अलग-अलग करने का काम शुरू करा दिया गया है।

# कोरोना काल में जन्में प्रभु यीशु

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रभु यीशु का जन्मोत्सव शहर के सभी चर्च में धूमधाम के साथ मनाया गया। कोरोना काल में पड़े क्रिसमस में पहली बार सेंट जोसफ कैथेड्रल में प्रभु यीशु का जन्म समारोह मिडनाइट नहीं बल्कि शाम सात बजे बनाया गया। बिशप रफी मंजली, फादर हेरल्ड टोरो ने प्रभु यीशु के संदेश से एक बार फिर उनके अनुयायियों का परिचित कराया। बाइबल पाठ के साथ ही विशेष प्रार्थना के बाद प्रभु यीशु का जन्म हुआ और चारों तरफ बधाईयां देने का सिलसिला शुरू हो गया। हर साल की तरह इस साल यहां हजारों भक्तों का हुजूम नहीं देखने को मिला लेकिन भक्ति, उत्साह, और प्रभु यीशु के आने के जश्न में कोई कमी देखने को नहीं मिली। वहीं लाल गिरिजाघर में कोरोना को देखते हुए तमाम आयोजनों को स्थगित कर दिया गया था।

# पीसीएस की मुख्य परीक्षा होगी २१ से २५ जनवरी तक

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस २०२० की मुख्य परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में प्रारंभिक परीक्षा से चयनित ५५३५ अभ्यर्थियों को शामिल होना है। इसका आयोजन प्रदेश के तीन जिलों प्रयागराज, लखनऊ एवं गाजियाबाद में २१ से २५ जनवरी (२४ जनवरी को छोड़कर) तक किया जाएगा। पीसीएस मेंस-२०२० परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह ६.३० से दोपहर १२.३० बजे तक एवं दूसरी पाली दोपहर २ से शाम ५ बजे तक होगी।

## उदयपुर तक दौड़ेगी अब इलेक्ट्रिक ट्रेन



रे.स.ब्यू./सूत्र.प्रयागराज। विद्युतीकरण के लक्ष्य को पूरा करने की कड़ी में केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज ने महाप्रबन्धक वाई पी सिंह, के नेतृत्व में एक और कदम बढ़ाया है। वहीं अब अजमेर से उदयपुर का मार्ग विद्युतीकृत होने से दिल्ली से उदयपुर तक विद्युत ट्रेन संचालित हो सकेगी। उदयपुर-डेट रेल खण्ड के विद्युतीकरण के उपरान्त रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा हरी झंडी मिलने से अब दिल्ली से अजमेर होते हुए उदयपुर तक इलेक्ट्रिक ट्रेन संचालित हो सकेगी। उदयपुर से डेट तक ११५ किलो-मीटर विद्युतीकरण १३३ करोड़ रुपये में किया गया है। इससे पूर्व प्रयागराज से जयपुर तक वाया मथुरा-अलवर-बांदीकुई रूट द्वारा इलेक्ट्रिक ट्रेनों का सफल संचालन प्रारम्भ किया जा चुका है।

केंद्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन, प्रयागराज की जयपुर परियोजना द्वारा अथक प्रयास कर रेल विद्युतीकरण कार्य को द्रुत गति से मूर्तरूप प्रदान किया जा रहा है।

## डॉ. ऋषि सहाय बने एसीएमओ प्रतापगढ़

रे.स.ब्यू./सूत्र. प्रयागराज। प्रांतीय चिकित्सा संवर्ग के नौ चिकित्सकों की स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार दिनांक १६.१२.२०२० को पदोन्नति के साथ सात को अलग-अलग चिकित्सालयों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसमें कोरोना के नोडल ऑफिसर डॉ. ऋषि सहाय को प्रतापगढ़ का एसीएमओ बनाया गया है। वहीं स्वास्थ्य विभाग की सूचनानुसार कोटवां सीएचसी पर तैनात सर्जन डॉ. अरविंद कुमार को जिला संयुक्त चिकित्सालय सोनभद्र, बेली अस्पताल में तैनात ऐनेस्थेटिस्ट डॉ. अब्दुल कादिर को वरिष्ठ परामर्शदाता बेली में ही बनाया गया है। नेत्र चिकित्सालय में तैनात डॉ. शम्भू सरन को वहीं पर बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता तैनात किया गया है। डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश कुमार को फतेहपुर में वरिष्ठ परामर्शदाता नियुक्ति किया गया है। अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ. मोहन जी श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले दिनों इन सभी चिकित्सकों की पदोन्नति की गई थी।

## पाटलिपुत्र रेल परिसर मे हुआ कबड्डी एवं बास्केट बॉल कोर्ट का उद्घाटन



रे.स.ब्यू./सूत्र.हाजीपुर। खेल-कूद को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से फिट इंडिया मूवमेंट के तहत पूर्व मध्य रेल द्वारा अहम् भूमिका अदा किया जा रहा है। इसी कड़ी में महाप्रबंधक ललित चंद्र त्रिवेदी ने दिनांक २०.१२.२०२० को पाटलिपुत्र रेल परिसर, पटना में कबड्डी कोर्ट एवं बास्केट बॉल कोर्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा कौमुदी त्रिवेदी भी उपस्थित थीं। महाप्रबंधक द्वारा उद्घाटन के पश्चात कबड्डी एवं बास्केट बॉल फैंसी प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में महिला वर्ग की टीम ब्लू के ६ अंक के बदले टीम रेड ७ अंक के साथ विजयी रहीं। पुरुष वर्ग में टीम ब्लू के १२ अंक के बदले टीम रेड १७ अंक के साथ विजयी रहे। वहीं बास्केटबॉल प्रतियोगिता में महिला वर्ग की टीम ब्लू के १३ अंक के बदले टीम रेड १७ अंक के साथ जबकि पुरुष वर्ग में टीम रेड के २० अंक के स्थान पर टीम ब्लू २६ अंक प्राप्त कर विजयी रहे।

## फिट इंडिया मूवमेंट अभियान के तहत RDSO में पुरुस्कार वितरण



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के मार्गदर्शन में देश भर में फिटनेस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फिट इंडिया मूवमेंट को दिसम्बर २०२० के महीने में विभिन्न गतिविधियों और अभियानों की श्रृंखला की योजना बनाई गई है। गति-विधियों की श्रृंखला में कोविद -१६ के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए आरडीएसओ में फिट इंडिया मूवमेंट अभियान के तहत दिनांक २०.१२.२०२० को एक CYCLOTHON एवं ४००mt मैत्री दौड का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार महानिदेशक,आरडीएसओ अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने बैनर, तख्तियों और नारों के माध्यम से फिटकरी डोज आधा घंटा रोज का संदेश फैलाने के लिए इन गतिविधियों में भाग लिया है। लगभग १०० व्यक्तियों ने इन आयोजनों में भाग लिया और आरडीएसओ परिसरमें फिटनेस का संदेश फैलाया। नम्रता कुमार अध्यक्ष,आरडीएसओ महिला कल्याण संघ एवं अन्य सदस्य भी आयोजनों के दौरान उपस्थित थे।

## सोशल डिस्टेंसिंग को, माघ मेला में बढ़ेंगे घाट

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। पहली बार संतों-कल्पवासियों के लिए कोरोना संक्रमण को देखते हुए माघ मेले में स्नान घाटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। कोविड-१६ के दौर का मेला कुछ अलग हटकर होगा। अकबर के किले तक स्नान घाटों का निर्माण कराया जाएगा और गंगा के दोनों तटों पर स्नान क्षेत्र का दायरा भी बढ़ाया जाएगा। इसके लिए पतित पावनी के किनारों पर दो सौ मीटर से अधिक क्षेत्रफल छोड़कर मेला बसाया जाएगा। इस बार मेले में दूर-दूर शिविर बसाए जाएंगे। संक्रमण को देखते हुए दो प्लाटों के बीच १० गज की दूरी रखने का सुझाव दिया गया है। खासतौर से सामाजिक दूरी का पालन करने के लिए इस बार के मेले में दूरी बनाए रखने की पूरी व्यवस्था की जा रही है। बुजुर्गों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसके लिए स्नान घाटों पर प्लेटफार्म भी बनवाए जाएंगे।

## मण्डलायुक्त ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार और आईजी कवीन्द्र प्रताप सिंह ने अस्थायी रैन बसेरों का जायजा लिया। इस कड़ी में रविवार दिनांक २०.१२.२०२० को देर रात मण्डलायुक्त ने नगर निगम तथा अन्य सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए रैन बसेरों में बिस्तर, अलाव जलाने की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने पीडी टण्डन पार्क के पास बनाये गये अस्थायी रैन बसेरा, जीरो रोड बस स्टेशन, प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन के पास बनाये गये स्थायी रैन बसेरा, एजी आफिस एवं हिंदू हॉस्टल के पास बनाये गये अस्थायी रैन बसेरों का निरीक्षण किया भ्रमण के समय मण्डलायुक्त एवं आईजी ने रैन बसेरों के बाहर अलाव ताप रहे गरीब एवं असहाय लोगो को ठंड से बचाव हेतु कम्बल भी वितरित किये। इस अवसर पर नगर आयुक्त रवि रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# नार्थ सेन्ट्रल रेलवे मेन्स यूनियन मण्डलीय परिषद की बैठक संपन्न

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। नार्थ सेन्ट्रल रेलवे मेन्स यूनियन, प्रयागराज मण्डल की मण्डलीय परिषद की बैठक दिनांक २६ दिसम्बर, २०२० को कोरल क्लब, प्रयागराज में संपन्न की गई, जिसमें प्रयागराज मण्डल के सभी मण्डलीय पदाधिकारी, विभिन्न शाखाओं के शाखामंत्री, शाखा पदाधिकारी, मण्डलीय परिषद के सदस्य व यूनियन के कार्यकर्ता भाग लिये। मीटिंग का संचालन डी० एस० यादव, मण्डलमंत्री एवं अध्यक्षता डी० के० मौर्य, मण्डल अध्यक्ष ने किया। शिव गोपाल मिश्र, महामंत्री/ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन व केन्द्रीय अध्यक्ष/एनसीआरएमयू कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। मीटिंग का उद्घाटन एवं दीप प्रज्जलित करने के पश्चात उन्होंने यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार का रवैया ठीक नजर नही आ रहा है। रेलवे के निजीकरण की ओर सरकार अग्रसर है। महंगाई भत्ता/महंगाई राहत को बहाल करने, रात्रि ड्यूटी व अन्य भत्तों को पूर्ववत् देने, रेल राजस्व को बढ़ाने हेतु सभी ट्रेनों को चलाने आदि मुद्दों को लेकर वार्ता लगातार जारी है, और कोशिश भी की जा रही है कि सभी मामले हल हों जाय, परन्तु सरकार एआईआरएफ/ एनसीआर-एमयू की मांगों को नजरअंदाज कर रही है, जिसके कारण सरकार से लड़ाई लड़ना आव'यक हो रहा है। सभा में पूर्व मण्डलमंत्री शीतला प्रसाद श्रीवास्तव, कारखाना मण्डल के मण्डलमंत्री मुहिबउल्लाह सहित ए के सिंह, राजू प्रसाद, रमेश कुमार यादव, आर आर सिंह, नागेन्द्र बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

# काले कोट में फिर नजर आएंगे टीटीई



रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। कोरोना के संक्रमण को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने भारतीय स्तर पर टिकट चेकिंग स्टाफ के कोट पहनने पर पाबंदी लगा दी थी। ठंड को देखते हुए वहीं अब लखनऊ मंडल ने निर्धारित ड्रेस का कोट पहनने के लिए निर्देश जारी कर दिया है। टीटीई के जैकेट और स्वेटर पहनने पर कार्यस्थल पर उनकी पहचान नहीं हो पा रही थी और यात्री टिकट जांच स्टाफ को पहचान नहीं पा रहे थे।

फिर से कोट पहनने की सहूलियत पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल प्रशासन ने प्रदान कर दी है। दूसरी तरफ इस निर्देश से इंडियन रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ आर्गनाइजेशन ने विरोध जताया है।

# यात्रियों को मिलेगी एक घंटा से अधिक लेट हुई ट्रेन की सूचना

रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। ट्रेनों के लेट होने पर रेलवे मोबाइल पर मैसेज भेजकर यात्रियों को देरी की सूचना देगा। इसके लिए रेलवे ने कोहरे को ध्यान में रख एक बार फिर कमर कसनी शुरू कर दी है। इसकी सूचना यात्रियों को एसएमएस के माध्यम से उनके रजिस्टर्ड मोबाइल पर दी जाएगी। इसके साथ ही प्लेटफार्मो पर खान-पान स्टॉलों को खोलने की व्यवस्था के साथ भीड़-भाड़ प्रबंधन और सुरक्षा को स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल के अतिरिक्त जवानों की तैनाती भी की जाएगी। स्टेशन और उसके आसपास के क्षेत्रों में कोहरे की स्थिति को जांचने के लिए स्टेशन मास्टरों द्वारा विजिबिलिटी टेस्ट किए जाते हैं। समीक्षा बैठक में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने रेलवे अधिकारियों के साथ कोहरे को लेकर सतर्क रहने का निर्देश भी दिया है। लोको पायलटों को कम दृश्यता संबंधी मामलों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है। ताकि रेल पथों पर गति सीमा को अपने विवेक और सूझ-बूझ के साथ नियंत्रित कर सके।

# वॉशिंग लाइन में अब पाँच मिनट में चमकेंगी ट्रेनें

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। ट्रेनों की सफाई अब महज पांच मिनट में ही हो जाएगी इसके साथ ही साफ सफाई में खर्च होने वाले पानी की भी काफी बचत होगी। बतादें कि एक कोच की ध् ुलाई में अभी औसतन एक हजार लीटर पानी की खपत होती है, अब एक कोच की धुलाई में उत्तर मध्य रेलवे में सौ लीटर ही पानी खर्च होगा। इसके लिए ऑटोमेटिक कोच वॉशिंग प्लांट लगाया गया है। एक प्लांट का उद्घाटन वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शनिवार दिनांक २६.१२.२०२० को जीएम एनसीआर राजीव चौधरी ने किया। इस अवसर पर जीएम ने कहा कि अब कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, झांसी, ग्वालियर आदि स्टेशनों पर भी इस तरह का प्लांट लगाया जाएगा। एनसीआर के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत सिंह ने बताया कि इस मशीन में सेंसर लगा है।

# वाहन समेत होगी अब गोरखपुर स्टेशन परिसर में आवाजाही



रे.स.ब्यू./सूत्र. गोरखपुर। वाहनों के साथ गोरखपुर रेलवे स्टेशन परिसर में अब आप दाखिल हो सकेंगे। बतादें कि यात्रियों की सुविधा के लिए शुक्रवार दिनांक २५.१२.२०२० को एक और चार नंबर के प्रवेश द्वार खोल दिए गए हैं और जल्द ही कुछ और प्रवेश द्वारों से बैरिकेडिंग हटा ली जाएगी। बतादें कि रेल प्रशासन ने लॉकडाउन के समय से ही सभी प्रवेश द्वार बंद करा दिए थे। सिर्फ पैदल यात्रियों को सामान लेकर परिसर में जाने के लिए जगह छोड़ी गई थी। अब यात्रियों की सहूलियत के लिए शुक्रवार दोपहर में प्रवेश द्वार नंबर एक और चार को खोल दिया गया है।

# सम्मान दिवस पर सम्मानित हुए किसान

रे.स.ब्यू./सूत्र. अमेठी। विकास भवन परिसर में चौधरी चरण सिंह की जयंती पर बुधवार दिनांक २३.१२.२०२० को किसान सम्मान दिवस कार्यक्रम आयोजित हुआ।


इसमें शासन की ओर से खेती के साथ ही मत्स्य, उद्यान व पशु- पालन से जुड़े किसानों को निर्धारित पुरस्कार राशि का आरटीजीएस प्रमाणपत्र दिया गया। बतादें कि चौधरी चरण सिंह की जयंती शासन के आदेश पर किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाई गई।

जिसमें बेहतर कार्य करने वाले किसानों और पशुपालकों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर रहे चार-चार किसानों को डीएम अरुण कुमार ने ७५-७५ सौ रुपये तथा चार-चार किसानों को पांच-पांच हजार रुपये आरटीजीएस से उनके खाते में भेजी गई।

कार्यक्रम को सीडीओ डॉ. अंकुर लाठर, उप निदेशक कृषि सत्येंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया।

# मिर्जा गालिब के याद में सजी महफिल

रे.स.ब्यू./सूत्र. वाराणसी मिर्जा गालिब की २२३वीं जयंती के अवसर पर शायरी और गजलों की प्रस्तुति कर कलाकारों ने गालिब को याद किया। आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से शाम को यादगार बना दिया। अक ओमास की ओर से दिनांक २५.१२.२०२० को आयोजित इस कार्यक्रम में जाने माने गीतकार शकील आजमी ने मिर्जा गालिब की शायरी से जुड़ी अहम बातों को लोगों के सामने रखा। इस दौरान सांत्वना मिश्रा ने गालिब की शायरी और गजलों को सुरीले अंदाज में प्रस्तुत किया। अक ओमास की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सोनिया डिडवानिया, हितेश अक, गोपाल शंकर, इमरान हसन, आदि मौजूद रहे।



# क्राइम ब्रांच ने पकड़ा सिविल लाइंस में चल रही हुक्का पार्टी

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। सम्राट होटल सिविल लाइंस में शुक्रवार दिनांक २५.१२.२०२० की रात हुक्का पार्टी चल रही थी। जिस पर क्राइम ब्रांच और सिविल लाइंस पुलिस ने छापा मारकर कई लोगों को पकड़ा। विभिन्न धाराओं में पुलिस ने होटल मालिक समेत चार कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सम्राट होटल के दूसरे तल पर हुक्का पार्टी चल रही है। पुलिस ने सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम के साथ वहां छापा मारा तो वहाँ कई लोग हुक्का पी रहे थे इसके साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग का भी पालन भी नहीं हो रहा था। सिविल लाइंस के इंस्पेक्टर ने बताया कि हुक्का बार नहीं चलाया जा सकता। तंबाकू अधिनियम, महामारी एक्ट समेत कई अन्य धाराओं में होटल मालिक रेस्टोरेंट मैनेजर और होटल मैनेजर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# दक्षिण भारत दर्शन के लिए २८ जनवरी से चलेगी ट्रेन

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। दक्षिण भारत दर्शन यात्रा की शुरुआत आईआरसीटीसी २८ जनवरी से शुरू करेगा, जिसकी वापसी छह फरवरी को होगी। वहीं टूर पैकेज का प्रति व्यक्ति स्लीपर का किराया ६४५० रुपये रखा गया है। जिसमें रहना, खाना, घूमना शामिल है। सूत्र के अनुसार आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अनिल गुप्ता के मुताबिक दक्षिण भारत के रामेश्वरम, कांचीपुरम, कन्या-कुमारी, मदुरई का भ्रमण होगा। जिसकी ऑनलाइन बुकिंग के अलावा कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक स्थित आईआर-सीटीसी के कार्यालय में आकर बुकिंग कराई जा सकती है। इस टूर में शाकाहारी भोजन पानी, ठहरने का इंतजाम, सुरक्षा किट, टूर गाइड, स्थानीय भ्रमण को गैर वातानुकूलित बस यात्रा, ट्रेन में सिक्योरिटी गार्ड की सुविधा पैकेज में शामिल है।

# विस्टाडोम कोच वाली ट्रेन दौड़ेगी १८० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। भारतीय रेलवे ने एक और खास मुकाम हासिल कर लिया है। २०२० के खत्म होने से ठीक पहले विस्टाडोम कोच वाली ट्रेन १८० किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ाई गई है। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने ट्विटर कर बताया कि नए डिजाइन के विस्टाडोम टूरिस्ट कोच १८० किलो मीटर प्रति घंटे की स्पीड से दौड़ने में सक्षम हैं और उनका सफलता पूर्वक परीक्षण किया गया है। केंद्रीय रेल मंत्री ने ने ट्वीट कर कहा कि भारतीय रेलवे ने एक अहम मुकाम में नए डिजाइन के विस्टाडोम टूरिस्ट कोच के साथ १८० किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड के साथ सफलतापूर्वक ट्रायल किया है। स्पीड के मामले में इसने वंदे भारत एक्सप्रेस की बराबरी कर ली है।

जिसने ट्रायल के दौरान १८० किलो मीटर प्रति घंटे से ज्यादा की स्पीड हासिल की थी।

इस ट्रेन की अधिकतम स्पीड हालांकि, २२० किमी प्रति घंटे तक हो सकती है। वहीं भारतीय पटरियों पर इससे पहले टैल्गो ट्रेन १८० की स्पीड से दौड़ी थी, पर वह स्पेन की ट्रेन थी।

# जरूरतमन्द व्यक्तियों को रीवो/कोर द्वारा कम्बल का वितरण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। रेल विद्युतीकरण अधिकारी क्लब, सिविल लाइन्स, प्रयागराज में रेल विद्युतीकरण महिला कल्याण संगठन/कोर/प्रयागराज की अध्यक्षा रचना सिंह, द्वारा दिनांक २८.१२.२०२० को ७० जरूरतमन्द व्यक्तियों को कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा रचना सिंह, सचिव रेनू गौतम, को अध्यक्षा निधी गुप्ता, संयुक्त सचिव श्वेता सिंह, सहित संगठन की अन्य सदस्याएं अर्चना श्रीवास्तव, चंचला, चित्र सिंह, अनू शर्मा, सुषमा नायक, सारिका उपस्थित थीं।




# प्रयागराज जंक्शन पर एयरपोर्ट के तर्ज पर खुला लाउंज

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज जंक्शन परिसर पर ट्रेन यात्रियों के लिए अत्याधुनिक लाउंज खोला गया है। जहां अब यात्री घंटे के हिसाब से भुगतान कर आराम कर सकेंगे। वहीं लाउंज में चाय-नाश्ता और भोजन की भी व्यवस्था रहेगी। लाउंज में प्रथम दो घंटे के लिए १५० रुपए तथा ठहराव बढ़ाने पर प्रति घंटा ७० रुपए भुगतान करना होगा। इसमें वाईफाई की सुविधा है। उद्घाटन समारोह में मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, एमएन ओझा सहित एनसीआर के कई अधिकारी मौजूद रहे।


# दो अस्पताल समेत १६ प्रवेश द्वारों पर होगी माघ मेला में कोरोना जांच

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। माघ मेला में कोविड-१९ के प्रोटोकॉल के अनुपालन के लिए अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) अमित मोहन प्रसाद ने सोमवार दिनांक २८.१२.२०२० को तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने उनको बताया कि मेले में २० बेड़ के दो अस्पताल बनाए जाएंगे जहां २४ घंटे चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रभाकर राय ने बताया कि कोविड के संबंध में स्वरूपरानी, डफरिन तथा एसआरएन में अलग से बेड़ों की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही मेले में ४० एंबुलेंस की व्यवस्था की जाएगी जिसमें कुछ कोविड-१९ के लिए आरक्षित रहेगी। सीएमओ ने बताया कि १६ प्रवेश द्वार भी बनाए जा रहे हैं।

# जातिसूचक शब्द लिखे वाहनों पर कार्यवाही शुरू

रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। जातिसूचक शब्द लिखे वाहनों के विरुद्ध प्रयागराज में भी कार्रवाई शुरू हो गई है। शहर के सिविल लाइंस समेत कई चौराहों पर आरटीओ की टीमों ने सोमवार को जांच कर ३० वाहनों का चालान किया। आदेश जारी होने के बाद आरटीओ की टीमें सुबह से शहर के अलग -अलग चौराहों खड़ी हो गई। वहीं रोके गए अधिकतर वाहन चालकों को पता ही नहीं था कि गाड़ियों में जातिसूचक शब्द लिखना प्रतिबंधित कर दिया गया है। जिस कारण विरोध भी होने लगा। सुभाष चौराहे पर कई वाहन चालक विरोध करने लगे तो कुछ अवाक थे। आरटीओ (प्रवर्थन)आरके सिंह ने बताया कि ३० वाहनों का चालान किया गया है और यह आरटीओ के अनुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।


# Indian Railway launches upgraded e-Ticketing Website & Mobile App for booking of online Railway T ickets



PIB/New Delhi: Following the vision of 'Digital India' of Hon'ble Prime Minister, Narendra Modi, Indian Railways has revamped & upgraded its e-ticketing website www.irctc.co.in and IRCTC Rail Connect Mobile App, which are used for booking of Railway tickets 'online'. The Upgraded e-ticketing Website & App, offering "Best-in-class" features, has been launched by Hon'ble Minister of Railways and Commerce & Industry and Consumer Affairs, Food & Public Distribution, Piyush Goyal on 31st December, 2020.

This will be a New Year gift by the Railways to all passengers. Speaking on the occasion, he said "The Railways is committed to serving the nation, and constantly working to augment its services to further improve the rail travel experience. This Upgraded e-ticketing platform for booking of online Railway tickets, will enhance passenger convenience. " He said that IRCTC should continue to work towards constantly improve the web site and ensure that is second to none in the world as per the digital India mission and vision of PM.

# खास डिवाइस से अब लेट नहीं होंगी कोहरे के कारण ट्रेनें



रे.स.ब्यू./सूत्र. नई दिल्ली। ठंड के दिनों में कोहरा होने के कारण ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान हो जाते हैं और कई बार कोहरा घना होने से एक्सिडेंट तक की नौबत आ जाती है। अब रेलवे ने इसका इलाज ढूंढ निकाला है। अब ठंड के मौसम में खास डिवाइस लगाए जाएंगे जिससे ट्रेन ड्राइवरों को लो विजिबिलिटी में मदद मिलेगी।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगाल ने कहा रेलवे में कई विभाग कोहरे के कारण व्यवस्था करते हैं इसके साथ ही रेलवे स्टेशनों पर विजिबिलिटी चेक करने के लिए उपकरण भी लगाए जाते हैं। वहीं स्टेशन मास्टर तय दूरी पर रखी गई वस्तु नहीं दिखने पर कोहरे की स्थिति की घोषणा करते हैं।

इसके साथ ही सिग्नल लोकेशन बुकलेट भी चालक को दिए गए हैं ताकि वे सिग्नल के स्थान से अवगत हों। दिखाई न देने की अवस्था में ड्राइवरों को ट्रेन की गति को आवश्यक्ता के हिसाब से बदलने में मदद मिलेगी।

# पारदर्शिता के साथ तेजी से पूर्ण करायें विकास कार्य- मण्डलायुक्त




रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रगति के सम्बंध में मण्डलायुक्त आर० रमेश कुमार की अध्यक्षता में दिनांक २४.१२.२०२० को समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मण्डलायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, रेंटल हाउसिंग काम्पलेक्स स्कीम, मल्टी लेवल पार्किंग, सड़क व चौराहों का निर्माण, नगर निगम को हैण्ड ओवर किये जाने वाली कालोनियों, प्राधिकरण की महत्वपूर्ण योजनाओं, शहर के सौन्दर्यीकरण हेतु किये गये कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अंकित अग्रवाल एवं सचिव को प्राधिकरण के द्वारा कराये जा रहे कार्यों में गुणवत्ता के साथ तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है।

# Extension of Special Fare Festival Special

PR Deptt.SR/Chennai: Western Railway has notified the extension of Special Fare Festival Special as detailed below:

The service of Train No.09424 Gandhidham–Tirunelveli Special Fare Special Weekly Festival Train has been extended till 25th January 2021. Hence special train will have Four additional services from Gandhidham to operate on Mondays i.e, 04th, 11th, 18th and 25th January, 2021. Similarly, the service of Train No. 09423 Tirunelveli-Gandhidham Special Fare Special Weekly Festival Train has been extended till 28th January 2021. Hence special train will have Four additional services from Tirune l veli to operate on Thursdays i.e, 07th, 14th, 21st and 28th January, 2021.

# डिप्टी सीएम ने किया मेले की तैयारियों का निरीक्षण



रे.स.ब्यूरो./संवा. प्रयागराज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मेला क्षेत्र के निरीक्षण किया और संगम क्षेत्र का भ्रमण कर संतों-भक्तों के समागम के रूप में बसने वाले माघ मेले की तैयारियों का जायजा लिया। मंगलवार दिनांक २६.१२.२०२० को संगम नोज पहुंचकर उन्होने मां गंगा की आराधना की। इसके साथ ही कोविड-१६ के प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन कराने के लिए की जा रही तैयारियों की भी अधिकारियों से जानकारी ली। आधी अधूरी तैयारियां देख वह नाराज भी दिखे। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि समय से माघ मेला की तैयारियां पूरी कर ली जाएं, ताकि देश भर से आने वाले कल्प-वासियों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े वहीं, उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए। पेयजल का काम पिछड़ने और चकर्ड प्लेट सड़कें न बिछ पाने पर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने स्नान घाटों का निर्माण शीघ्रता से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री ने अक्षयवट एवं बड़े हनुमान के दर्शन भी किए।

# यूपी में १५ फरवरी तक बढ़ी फास्टैग की डेडलाइन

रे.स.ब्यू./सूत्र. लखनऊ। यूपी में फास्टैग व्यवस्था की डेडलाइन अब १५ फरवरी कर दी गई है। जबकि गुरुवार दिनांक ३१.१२.२०२० रात से लागू होने वाली थी। सरकार के इस फैसले ने वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली है। बतादें कि पूर्व आदेश के अनुसार, एक जनवरी से सभी वाहन चालकों के लिए फास्टैग अनिवार्य कर दिया गया था लेकिन इस व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को देखते हुए सरकार ने अब डेडलाइन बढ़ा दी है।

## पाठकों से अनुरोध

विगत वर्षो की भाँति आगामी वर्ष के लिए अपनी रेल समाचार ब्यूरो पत्रिका को सुरक्षित करने के लिए वार्षिक सद्स्यता शुल्क शीघ्र भेजने की कृपा करें, जिससे उक्त पत्रिका आपको नियमित भेजी जा सके।

सहयोग राशिः

१.उच्चतम अधिकारी- १५०० रु. मात्र

२.उच्च अधिकारी- १००० रु. मात्र

३.अधीनस्थ अधिकारी-७०० रु. मात्र

४.रेलकर्मी/अन्य सदस्य-५००रु.मात्र

प्रबंध संपादक
रेल समाचार ब्यूरो

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा**

सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी
ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
दि. इलाहाबाद ब्लाक वर्क्स प्रा. लि. ३२६/२५५, चक, जीरो रोड, इलाहाबाद से मुद्रित एवं ५०२ पंचशीला भवन त्रिवेनी रोड, नेतानगर,कीडगंज इलाहाबाद-२११००३ से प्रकाशित। आर.एन. आई नं.५१०६७-६० पोस्ट ए.डी-८ मो.६७६३६५६०४४ ६६५१८०४७८८, ६६३५२२४८६७ फोन नं.-०५३२-२४१८०४०

Heartline

Heartline Cardiac Care Centre
14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station
Behind BIG BAZAAR, BSNL Office
Allahabad
For Appointments : 8726209111

● ANGIOGRAPHY ● ANGIOPLASTY ● ECHO & COLOUR DOPPLER ● TMT ● HOLTER ● PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र
हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल
14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
| --- | --- | --- |
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष
24 घण्टे सेवा उपलब्ध